पत्र संख्या-स्था-5(ख)-सामान्य स्थानान्तरण-2021-22/2022-23 नीति// 2055 // राज्य कर

कार्यालय-आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश।
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ :: दिनांक :: 29 जुलाई, 2022

समस्त जोनल अपर आयुक्त,
राज्य कर, उत्तर प्रदेश।
(जोन अयोध्या को छोडकर)

विषय :- समूह ग के कार्मिकों के प्रत्येक 03 वर्ष उपरान्त पटल/ क्षेत्र परिवर्तन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-12/2022/487/सा0/सैतालिस-का-4-2022(1/3/96) दिनांक 27-07-2022 द्वारा शासन के पत्र संख्या- 8/2022/सा0-119/सैतालिस-4-2022-(1/3/96) दिनांक 13-05-2022 में दिये गये निर्देशानुपालन में समूह ग के कार्मिकों का पटल परिवर्तन एवं फील्ड में तैनात/ कार्यरत कार्मिकों का क्षेत्र परिवर्तन किये जाने के सम्बन्ध में सूचना एक सप्ताह में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है।

अवगत कराना है कि शासन के पत्र दिनांक 13-05-2022 में दिये गये निर्देशानुपालन में समूह ग के कार्मिकों का पटल परिवर्तन एवं क्षेत्र (फील्ड) में तैनात/ कार्यरत कार्मिकों का क्षेत्र परिवर्तन के सम्बन्ध में मुख्यालय के पत्र संख्या-962 दिनांक 27-05-2022 द्वारा दिशा-निर्देश जारी करते हुए एक ही पटल पर 03 वर्ष की अवधि पूर्ण करने वाले कार्मिकों का पटल परिवर्तन एवं फील्ड में तैनात/ कार्यरत कार्मिकों का क्षेत्र परिवर्तन किये जाने तथा उक्त आशय का प्रमाण पत्र दिनांक 20-06-2022 तक मुख्यालय उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है, परन्तु आप द्वारा उक्त के सम्बन्ध में कृत कार्यवाही की सूचना अभी तक मुख्यालय उपलब्ध नहीं करायी गयी है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि शासन के पत्र दिनांक 13-05-2022 तथा मुख्यालय के पत्र दिनांक 27-05-2022 एवं पत्र दिनांक 10-06-2022 में दिये गये निर्देशानुसार अपने जोन के अन्तर्गत पटल परिवर्तन एवं फील्ड में तैनात/ कार्यरत कार्मिकों का क्षेत्र परिवर्तन किये जाने सम्बन्धी सूचना/प्रमाण पत्र दिनांक 01-08-2022 तक विशेष पत्र वाहक/ फैक्स के माध्यम से मुख्यालय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(सुधा वर्मा)
अपर आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनॉक // उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर, मुख्यालय लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि यह परिपत्र विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
2- पटल प्रभारी स्था-5(ग) / स्था-5(क)/स्था-3ख राज्य कर मुख्यालय लखनऊ।

29/07/2022

अपर आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।